**Total Page No. : 5]** **[Roll No. ........................**

# MASL-102

## M.A. (Sanskrit) Ist Year Examination Dec., 2023

## संस्कृत भाषा विज्ञान एवं व्याकरण

**Time :** 2 Hours] [**Max. Marks :** 70

**नोट :-** यह प्रश्न–पत्र सत्तर (70) अंकों का है, जो दो (02) खण्डों 'क' तथा 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। **परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर-पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।**

### खण्ड–क

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** 2×19=38

**नोट :-** खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **दो** (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. वैदिक तथा लौकिक संस्कृत को स्पष्ट करते हुए, उनके मध्य अन्तर स्थापित कीजिए।

**अथवा**

ध्वनियों के उच्चारण स्थानों का निरूपण कीजिये।

2. भारोपीय भाषा का नामकरण एवं मूल–स्थान पर प्रकाश डालिए तथा इनकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

3. अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम इस सूत्र की व्याख्या कीजिये।

**अथवा**

भाषा विज्ञान की परिभाषा को समझाते हुए यह बताइये कि भाषा विज्ञान, विज्ञान है या कला।

4. निपातों पर प्रकाश डालते हुए उनका वर्गीकरण कीजिये।

**अथवा**

रमयोः तथा रमासु की सूत्रनिर्देशपूर्वक सिद्ध कीजिए।

5. ध्वनि नियम को परिभाषित कर ग्रिम नियम पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

निम्नलिखित विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–

(क) सुबन्त/तिङन्त

(ख) पुरुष

(ग) कारक/काल

(घ) लकार

## खण्ड–ख

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** 4×8=32

**नोट :-** खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **चार** (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. रमा के रुप सभी विभक्तियों में लिखिए।

**अथवा**

हरिम् एवं हरौ इन दोनों प्रयागों की सूत्र सहित व्याख्या कीजिए।

2. प्राचीन आर्य भाषाओं का परिचय देते हुए संस्कृत के सम्बन्ध स्थापित कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित रूपों की व्याख्या कीजिए–

(क) रामेण

(ख) रामाणाम्

(ग) रामस्य

3. वाक्य के भेदों का निरूपण कीजिये।

**अथवा**

निम्नलिखित विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–

(क) समीकरण

(ख) विषमीकरण

(ग) विपर्यय

(घ) सादृश्य

4. संस्कृत पद-संरचना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

निम्नलिखित विषयों पर संक्षिप्त लिखिये—

(क) वैदिक ध्वनियाँ

(ख) लौकिक संस्कृत की ध्वनियाँ

(ग) पाणिनि के अनुस्वार ध्वनियाँ

5. ग्रासमन के ध्वनि नियम का निरूपण कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—

(क) लिट् लकार

(ख) लृट् लकार

(ग) परस्मैपद

(घ) आत्मनेपद

6. संस्कृत वाक्य संरचना पर प्रकाश डालिये।

**अथवा**

निम्नलिखित विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये—

(क) निपात

(ख) उपसर्ग

(ग) कर्मोपसंग्रहार्थक

7. भाषा किसे कहते हैं ? भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

8. आख्यात के स्वरूप पर प्रकाश डलिए।

***************